

# नवोदय विद्यालय में छात्रों ने दी रंगारंग प्रस्तुति





▸ **परीक्षा परिणाम घोषित, बीएमओ डॉ. शल्या के निर्देशन में सर्वाइकल कैंसर बचाव के लिए छात्राओं का टीकाकरण**

**घट्टिया।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय घट्टिया में शनिवार को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सत्र 2025-26 में उच्च शैक्षणिक उपलब्धि प्राप्त छात्र छात्राओं को विद्यालय प्राचार्य किरण म्हस्के द्वारा प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

परिणामों की घोषणा परीक्षा प्रभारी प्रवीण कुमार ने की और कक्षा शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को प्रगति पत्रक वितरित किए। प्राचार्य ने संबोधित करते हुए बच्चों को भविष्य में अधिक उपलब्धियां प्राप्त करने एवं सुयोग्य नागरिक बनने हेतु प्रेरित किया। संचालन डॉ. दीप्ति जोशी ने किया इसी के साथ ही पालक-शिक्षक संघ का पुनर्गठन कर नए सदस्यों का चयन कर स्वागत किया गया। टिकेंद्र शाह के निर्देशन में छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अलका कोठारी का सहयोग रहा। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं की रचनाओं से सजी विद्यालय पत्रिका प्रज्ञा स्त्रोत का विमोचन भी किया गया। साथ ही टीकाकरण अभियान के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया द्वारा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनुज शल्या के निर्देशन में खंड विस्तार प्रशिक्षक महेश परमार, खंड कार्यक्रम प्रबंधक वन्दना नवरेती, नर्सिंग ऑफ़िसर अर्जुन गुर्जर एवं एएनएम ललिता कारपेंटर ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु 14-15 वर्ष आयु की छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई। कार्यक्रम की संयोजक विद्यालय स्टाफ़ नर्स पल्लवी मिश्रा का सहयोग रहा।

# विभिन्न मांगों को लेकर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन



**बड़नगर।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में विकासखंड के लगभग 300 शिक्षकों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर स्थानीय सांदीपनी विद्यालय प्रांगण में तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश के बाद डीपीई भोपाल द्वारा 27 वर्षों से कार्यरत शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य किए जाने के विरोध में दिया गया है।

ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई कि वर्षों से अपनी सेवा दे रहे शिक्षकों पर से इस अनिवार्यता को तत्काल हटाया जाए। साथ ही, शिक्षकों ने प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता मान्य करने की भी पुरजोर मांग रखी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव डॉ. कैलाश बारोड़ ने उपस्थित शिक्षकों को संबोधित किया। उन्होंने विभाग की नीतियों की आलोचना करते हुए समस्त शिक्षक समुदाय को आगामी 18 अप्रैल को भोपाल में होने वाले विशाल प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान ज्ञापन का वाचन संयोजक अखिलेश पाठक ने किया, वहीं अतिथि परिचय आत्माराम सरवटे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता दिनेश छडावदिया विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक साथी मौजूद थे, जिनमें मुख्य रूप से अतुल दीक्षित, विनोद पंवार, मनीष रेशमिया, राधा परमार, धर्मेंद्र पांड्या, अनुसूया राणा, प्रदीप पाठक, राजेंद्र सोलंकी, अशोक सुल्तानिया, सुदीप सलूजा, भगवानसिंह मारु, नमिता पाटीदार और तरुणा वर्मा सहित मोर्चा के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### महिला की आंखों में मिर्च फेंक फरार

**महिदपुर।** मेला रोड पर शनिवार को एक महिला पर नकाबपोश बदमाश द्वारा हमले का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार जया जैन की कपड़ों की दुकान है। शनिवार को वह दुकान खोल रही थीं, तभी एक नकाबपोश व्यक्ति वहां पहुंचा और दुकान मालिक के बारे में पूछते हुए ऊपर जाने लगा। इस पर उसे रुकने के लिए कहा और बताया कि वह मालिक को नीचे बुला देती हैं। इसी दौरान नकाबपोश ने अचानक जया की आंखों में मिर्च फेंक दी और नुकीली वस्तु से हमला कर उन्हें घायल कर दिया। घटना के बाद जया ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी मौके से फरार हो चुका था। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल महिला को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका मेडिकल परीक्षण व उपचार किया गया। पुलिस ने जया जैन की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन 15 को

**खाचरौद।** 9 अप्रैल को सांसारिक सुखों का त्यागकर तथा अपनी धन सम्पति को धार्मिक तथा सामाजिक कार्यों के लिए समर्पित कर सजोड़े जैन भगवति दीक्षा अंगीकार करने वाले पूज्य निर्वेदमुनि तथा साध्वी संवेगश्रीजी की बड़ी दीक्षा का भव्य आयोजन आचार्य पूज्य उमेश मुनि के शिष्य तथा प्रवर्तक पूज्य जिनेंद्रमुनि के आज्ञानुवर्ति तत्वज्ञ धर्मेन्द्रमुनि तथा सन्तमण्डल तथा संयम रूचिका संयमप्रभा तथा साध्वी मंडल की शुभानिश्रा में 15 अप्रैल को स्थानीय महावीर भवन में सम्पन्न होने जा रहा है। श्रीस्थानकवासी जैन श्रावकसंघ सचिव महेन्द्र चण्डालिया ने बताया कि इस पावन अवसर पर सकल जैन समाज के साथ ही देश के विभिन्न भागों से बड़ी संख्या मे श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे।

### पूज्यनंदाचार्य का पुण्य स्मरण दिवस श्रद्धा भाव से मनाया

**खाचरौद।** खाचरौद की पुण्य धरा पर अवतरित हुए धर्मदास संप्रदाय के सातवें आचार्यपूज्य नंदलाल महाराज का 104 वां पुण्य स्मरण दिवस स्थानीय महावीर भवन में तत्वज्ञ पूज्य धर्मेंद्र मुनि की शुभ निश्रा में श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित गुणानुवादसभा में खाचरौद गौरव अभयमुनि, सुहास मुनि तथा साध्वी प्रेक्षा ने आचार्यश्री के तप त्यागमय संयम जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके गुणों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। इस अवसर पर श्री नन्द चालीसा के जाप तथा तीन-तीन सामायिक की प्रभावना का लाभ समाजरत्न बुपक्या परिवार द्वारा लिया गया। सामूहिक प्रभावना श्रीसंघ द्वारा वितरित की गई। सीमा खेमसरा, पूजा बरखेड़ावाला तथा रिया श्रीमाल द्वारा स्तवन की माध्यम से आचार्यश्री का गुणगान किया गया। गुणानुवाद सभा का संचालन सन्तोष बरखेड़ावाला हारा किया गया।

### गंगेश्वर महादेव मंदिर में रहेगी पंचकोशी यात्रियों के लिए भोजन व विश्राम व्यवस्था

**उज्जैन।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाकाल वेयरहाउस आजमपुरा स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर पर पीयूष व्यास मित्र मंडल द्वारा पंचकोशी यात्रियों के भोजन प्रसादी एवं विश्राम की व्यवस्था की गई है। दीपेश जैन ने बताया कि विगत कई वर्षों से पीयूष व्यास द्वारा धर्म एवं आस्था की प्रतीक पंचकोशी यात्रा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए गंगेश्वर महादेव मंदिर पर व्यवस्था की जाती रही है। इसी कड़ी में इस वर्ष भी 13 एवं 14 अप्रैल को भोजन एवं विश्राम का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है।

### सर्व ब्राह्मण महासभा का आज से नित्य नि:शुल्क योग शिविर

**नागदा।** भगवान भगवान परशुराम जी की जयंती के उपलक्ष्य में सर्वब्राह्मण महासभा द्वारा 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक सप्त दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर महिला मंडल एवं श्री जी अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। शिविर प्रतिदिन प्रात: 6 बजे से 7 बजे तक श्री जी अस्पताल परिसर में आयोजित किया जाएगा, जिसमें नगर के समस्त नागरिकों, समाजजनों एवं योगप्रेमियों को नि:शुल्क योग प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। योग प्रशिक्षण कीर्ति शर्मा एवं प्रीति कांठेड द्वारा दिया जाएगा। वहीं कृष्णचंद्र पुरोहित एवं डॉ. अग्निवेश पांडेय का विशेष सहयोग रहेगा। शिविर संयोजक डॉ. अनिल दुबे एवं वंदना दुबे ने अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता कर स्वास्थ्य लाभ लेने का आव्हान किया है। विशेष रूप से 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर महाआरती का आयोजन भी किया जाएगा। जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। शिविर में भाग लेने वाले सभी साधक अपने साथ चादर अथवा योग मैट अवश्य लेकर आएं।

### स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से जनगणना 2027 के प्रथम चरण की जानकारी अब ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे नागरिक

**महिदपुर।** भारत सरकार और मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार, जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए स्व-गणना की सुविधा शुरू की जा रही है। इसके तहत जिले के नागरिक अब स्वयं ऑनलाइन माध्यम से अपने परिवार का विवरण दर्ज कर सकेंगे। स्व-गणना की अवधि मध्यप्रदेश में नागरिक 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वयं जानकारी दर्ज कर सकते हैं। प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 के बीच किया जाएगा। पोर्टल पर राज्य का चयन कर परिवार के मुखिया का नाम और मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। विशेष ध्यान रहे कि मुखिया का नाम और चयनित भाषा को बाद में बदला नहीं जा सकेगा। नागरिकों को मानचित्र पर अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान को चिन्हित करना होगा। मकान सूचीकरण से संबंधित आवश्यक प्रश्नों के उत्तर पोर्टल पर देने होंगे। स्व-गणना करने के बाद भी क्षेत्रीय सत्यापन आवश्यक है। जब जनगणना प्रगणक घर-घर भ्रमण के लिए आएंगे, तब नागरिकों को अपनी स्व्ध्र ढ्ढ्ठ उनके साथ साझा करनी होगी। जिला जनगणना अधिकारी एवं अपर कलेक्टर ने सभी नागरिकों और शासकीय कर्मचारियों से इस तकनीकी सुगम प्रक्रिया का लाभ उठाने और राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में सहयोग करने की अपील की है।

### मंत्री सिलावट ने स्वीकृत की एक लाख की सहयोग राशि

**इंदौर.** बिजासन रोड स्थित अविनाशी अखंड धाम आश्रम द्वारा गोमटगिरी के पीछे स्थित ग्राम जम्बूडी हप्सी में संचालित गौशाला के जीर्णोद्वार एवं मंदिर के निर्माण हेतु रविवार 12 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, समाजसेवी विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग, जगदीश बाबाश्री एवं राजेश पंवार के आतिथ्य में गौशाला परिसर में आवश्यक बैठक रखी गई है.

# प्रदेश स्तरीय आंदोलन 18 अप्रैल को भोपाल में



**महिदपुर। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा, भोपाल के प्रांतीय आव्हान पर विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन तहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार राजेश चौहान को सौंपा गया।**

अमनदीप सिंह दुआ ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अंतर्गत कक्षा 1 से 8 पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा अनिवार्य करने और इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए फैसले पर पुनर्विचार याचिका दाखिल करने और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस संबंध में 3 मार्च 2026 को जारी आदेश को निरस्त करने की मांग मप्र शासन से की गई। साथ ही ज्ञापन में मांग की गई कि लगभग 28 वर्षों की सेवा देने के बाद भी नियुक्ति 1 जुलाई 2018 कर दी गई है। जिससे पदोन्नति, पेंशन, ग्रेजुटी आदि में शिक्षकों को बहुत नुकसान होगा।

अत: वास्तविक प्रथम नियुक्ति दिनांक से ही वरिष्ठता मान्य की जाए। इस अवसर पर महिदपुर अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के विभिन्न संगठनों के ब्लाक संयोजक सुषमा खेमसरा, शोभाराम राठौर, विजय पंड्या, सत्यनारायण शर्मा, भगवान सिंह चौधरी और महिदपुर विकास खंड के सैंकड़ों शिक्षक उपस्थित थे। ज्ञापन का वाचन प्रदीप सिंह परिहार ने किया एवं आभार संतोष गुलाटी द्वारा व्यक्त किया गया।



# शिक्षक पात्रता परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

**घट्टिया।** मध्य प्रदेश अध्यापक संयुक्त मोर्चा के आव्हान पर शनिवार को शिक्षको ने अपनी प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन तहसीलदार आदर्श शर्मा को सौंपा। शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) रद्दे करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता लागू करने की मांग का ज्ञापन तहसील कार्यालय पर तहसीलदार आदर्श शर्मा को सौंपा। ज्ञापन देने में अध्यापक मोर्चा के राजेश रघुवंशी, अजय सिंह दोहरे, चंद्रभान सिंह पंवार , लालजीराम चौधरी, विजय कुमार पाटीदार, जुझार सिंह चौहान, राकेश कुमार रिछारिया, सुनीता भट्ट, रेनू तोमर, आशा राजोरिया, बालमुकुंद बैरागी, मुकेश शर्मा, राजेश वर्मा, रामचंद्र गुजराती, गिरधर कुमार विश्वकर्मा, अमृत लाल यादव, हीरालाल पंवार, प्रेमचंद कुलमोदिया, नागूलाल कुलमोदिया, सत्यनारायण कारपेंटर, बाबूलाल, प्रेम नारायण डाबी आदि उपस्थित थे।

**लता मंगेशकर सभागृह में हुआ भव्य आयोजन**

# एपीजे अब्दुल कलाम विवि के 10 वर्ष पूर्ण, आरोहण 2026 में बिखरी सांस्कृतिक छटा



**उज्जैन। डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय की गौरवपूर्ण 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव आरोहण 2026 का भव्य आयोजन 11 अप्रैल को लता मंगेशकर सभागृह में किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।**

कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दी गईं। साथ ही विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कुलगुरु डॉ. दीपिका पाठक, उपकुलपति डॉ. राजीव विश्वकर्मा, गुलशन कपूर, अनुशासक डॉ. करुणाकर शुक्ला और कुलसचिव संदीप गुप्ता सहित विश्वविद्यालय के प्राचार्यों एवं अधिष्ठाताओं ने विजेता विद्यार्थियों का सम्मान किया। यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा। समारोह का मुख्य आकर्षण इंडियन आइडल विजेता प्रसिद्ध गायक पवनदीप राजन और प्रतिभाशाली गायिका चेतना भारद्वाज की संगीतमय प्रस्तुतियां रहीं। दोनों कलाकारों ने अपने सुरों से पूरे वातावरण को उत्साह और उमंग से भर दिया। यह विशेष आयोजन विश्वविद्यालय की 10 वर्षों की सफल यात्रा, संस्था की उपलब्धियों, उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण और निरंतर प्रगति को समर्पित रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रशासन, प्राध्यापक, अधिकारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# आजाद हिंद पैनल के विश्राम शिविर में हजारों श्रद्धालुओं को मिली गर्मी से राहत



▸ **करौंदिया में पंचक्रोशी यात्रियों का भव्य स्वागत, महापौर ने भी पिलाया रसना शरबत**

**उज्जैन।** आजाद हिंद पैनल द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ग्राम करौंदिया में पंचक्रोशी यात्रियों का भव्य स्वागत किया गया। भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों को रसना शरबत पिलाया गया। इस दौरान पंचक्रोशी यात्रा में शामिल उज्जैन नगर निगम के महापौर मुकेश टटवाल, एमआईसी सदस्यों और पार्षदों ने भी यात्रियों को शरबत बांटकर उनका अभिनंदन किया।

आजाद हिंद पैनल की युवा इकाई के अध्यक्ष शुभम शर्मा ने बताया कि पहले पड़ाव पिंगलेश्वर से दूसरे पड़ाव करोहन के मार्ग पर ग्राम करौंदिया में गिट्टी खदान के पास शिविर लगाया गया था। यहां पंचक्रोशी यात्रियों को तेज धूप से बचाने और उनके विश्राम के लिए टेंट की विशेष व्यवस्था की गई। इस शिविर में हजारों यात्रियों ने रुककर शरबत ग्रहण किया। इस सेवा कार्य के दौरान आजाद हिंद पैनल के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता डॉ. घनश्याम शर्मा, एमआईसी सदस्य रजत मेहता, कैलाश प्रजापत, पार्षद दिलीप परमार सहित स्काउट गाइड के सदस्य, बागसिंह, कैलाश, भारत और अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे और यात्रियों की सेवा में अपना योगदान दिया।

**एक नजर** ▸ **करहोन में चिकित्सा सहायता केंद्र का सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल ने किया अवलोकन**

# मरहम से कर रहे हैं पंचक्रोशी यात्रियों का दर्द दूर, जांच के साथ दे रहे दवाइयां भी

**उज्जैन। पंचक्रोशी यात्रा के मुख्य पड़ाव करहोन में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्रद्धालुओं के लिए चिकित्सा सहायता केंद्र के माध्यम से नि:शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इस केंद्र में यात्रियों के दर्द को दूर करने के लिए विशेष रूप से मलहम और दवाइयां उपलब्ध कराई जा रही हैं।**

12 अप्रैल की दोपहर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. अशोक कुमार पटेल ने इस चिकित्सा सहायता सुविधा केंद्र का अवलोकन किया। इस अवसर पर उनके साथ डॉ. आदित्य माथुर, डॉ. आदित्य रावल और बीएमओ नवीन सिंह पंवार भी उपस्थित थे। डॉ. पटेल ने केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और उनकी सराहना की। उन्होंने चिकित्सा टीम को पूरी तत्परता और दिल से पंचकोशी यात्रियों की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। करहोन पड़ाव के नोडल



अधिकारी और न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष एम आर मंसूरी ने सीएमएचओ को जानकारी दी कि केंद्र में श्रद्धालुओं को ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और मलेरिया की निशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही, आवश्यक दवाइयों का वितरण भी किया जा रहा है। यात्रा के दौरान शारीरिक दर्द से राहत दिलाने के लिए यात्रियों को मलहम लगाया और दिया जा रहा है। एमआर मंसूरी ने यात्रियों की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि मरीज की सेवा करना पहला और आखिरी कर्त्तव्य और आदर्श है। ऐसे में पंचक्रोशी यात्रियों की तकलीफ दूर करना अत्यंत पुण्य का कार्य है। चिकित्सा सेवा का लाभ ले रहे पंचक्रोशी यात्रियों ने भी केंद्र पर मिल रही सेवाओं पर संतोष व्यक्त किया है। इस सहायता केंद्र पर डॉक्टर शबाना खान, डॉ. छत्रपाल सिंह, डॉक्टर इरफान खान, सीएचओ राजेश सिंह भदौरिया, सविता पन्ना, हेल्थ सुपरवाइजर मुरारी लाल पटेल, एएनएम स्वाति अकोदिया, जयश्री निगम, अंजुम कुरैशी, अल्पना डोंगरे, अंकित सिलोदिया, संतोष रायकवार और आशा कार्यकर्ता पूजा नरवरिया, सांता सोलंकी, आबीदा बी आदि निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।